आकाशवाणी केन्द्र शिमला

08.10.2023 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने खाद्य व नागरिक आपूर्ति निगम को आपदा प्रभावित परिवारों के लिए शुरू की गई निशुल्क एलपीजी कनेक्शन व राशन उपलब्ध करवाने की योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के निर्देश दिए हैं। शिमला में निगम समिति के निदेशक मंडल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि निशुल्क राशन की सुविधा अगले वर्ष 31 मार्च तक जारी रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे प्रभावितों को मूलभूत खाद्य आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित होगी। सुखविंदर सिंह ने कहा कि राज्य नागरिक आपूर्ति निगम ने वित्त वर्ष 2022—23 में एक हजार 9 सौ 55 करोड़ का कुल कारोबार किया है, और 87 लाख रूपए का लाभ अर्जित किया है। उन्होंने निगम को पूरी तरह डिजिटल, वाणिज्यिक और पेशेवर इकाई बनाने व उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद सुनिश्चित करवाने के भी अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निगम को उचित दरों पर दवाएं व अन्य सर्जिकल उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेशभर के विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में 52 नई उचित मूल्य दवाओं की दुकानें खोलने के भी निर्देश दिए।

अनुराग ठाकुर

केन्द्रीय सूचना प्रसारण युवा सेवाएं व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज हमीरपुर के अणु में प्रोफेशनल कबड्डी लीग ऑक्शन का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के सभी ज़िलों के खिलाडी भाग ले रहे हैं। इस मौके पर अनुराग सिंह ठाकुर ने एशियाई खलों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए बजट में बीते वित्तिय वर्षों के मुकाबले कई गुणा बढ़ोत्तरी की है जिससे खेलों का आधारभूत ढांचा मजबूत हुआ है। बाद में पत्रकारों से बातचीत में अनुराग ठाकुर ने धर्मशाला में विश्वकप मैच आयोजित करने पर एचपीसीए को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हिमाचल में खेलों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न खेल मैदानों का निर्माण किया जा रहा है और वॉटर स्पोर्टस को लेकर भी केन्द्र सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं। विपक्ष द्वारा लोकसभा चुनाव में जातिगत सर्वेक्षण करवाने के मुददे पर अनुराग ठाकुर ने विपक्ष पर लोगों को जाति के आधार पर बांटने की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने आम जनता के हित के लिए विभिन्न योजनाएं शुरू की है जिसमें जाति को आधार न मानकर केवल गरीबों की मदद की गई है।

अनुराग

केन्द्रीय सूचना प्रसारण युवा सेवाएं व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि हमीरपुर में 2 सौ करोड़ रूपए की मदद से नेशनल सेंटर ऑफ एक्सिलैंस भवन का निर्माण किया जाएगा। हमीरपुर स्थित गौतम गर्लज कॉलेज में अंतर महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर उन्होंने कहा कि जल्द ही इस भवन की आधारशिला रखी जाएगी। इस प्रतियोगिता में लगभग 61 टीमें भाग ले रही हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए

देशभर में जल्द ही एक हजार खेलों इंडिया सेंटर खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के प्रत्येक जिले में कम से कम एक इंडोर स्टेडियम और एक खेलों इंडिया सेंटर खोलने के लिए वे प्रयासरत हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा इन सेंटरों में पूर्व खिलाड़ियों को कोचिंग शुरू करने के लिए 5–5 लाख रूपए का प्रावधान किया जाएगा। बाद में उन्होंने ग्राम पंचायत जंगलरोपा व डुग्घा में लोगों के साथ संवाद भी किया।

<u>अग्निहोत्री</u>

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज ऊना जिले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सलोह में आयोजित छात्राओं की राज्यस्तरीय अंडर–14 खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ–साथ खेलों को भी समान महत्व देने की आवश्यकता है ताकि युवा पीढ़ी खेलों के माध्यम से भी अपना लक्ष्य हासिल कर सके। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने और अन्य लोगों को भी प्रेरित करने का आहवान किया। अग्निहोत्री ने कहा कि नशा तस्करी से जुड़े किसी भी व्यक्ति को बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में आगामी नवरात्रों से धार्मिक स्थलों के लिए विशेष बसें चलाई जाएंगीं।

<u>शांडिल</u>

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने युवा पीढ़ी को अपने भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए नशे से दूरी बनाने का आहवान किया है। सोलन में हिमाचल उत्सव में बतौर मुख्यातिथी शिरकत करते हुए उन्होंने कहा कि नशा समाज की सबसे बड़ी समस्या बन गया है। उन्होंने युवाओं को अपनी संस्कृति को संजोय रखने में बहुमूल्य सहयोग देने का आग्रह भी किया। शाडिंल ने कहा कि मेलों व उत्सवों के आयोजन से पहाड़ी संस्कृति के प्रचार के अलावा स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा निखारने का मौका भी मिलता है।

<u>चंद्र कुमार</u>

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने आज लाहौल घाटी के मेलिंग में महादेव मंदिर के गेट का उदघाटन किया। इससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कारगा में पशुओं के लिए पॉली क्लीनिक खोलने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि इस क्लीनिक में डाक्टरों की तैनाती की जाएगी और पशुओं के इलाज के लिए सर्जरी व दवाईयों की उचित व्यवस्था की जाएगी। विधायक रवि ठाकुर भी इस दौरान मौजूद रहे।